दिन–शुक्रवार दिनांक– 05 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित आईजीआईएमएस में पूर्वी भारत के सबसे बड़े नेत्र अस्पताल का उद्घाटन किया ।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर कहा– वे अब राजद के साथ नहीं जायेंगे। भाजपा के साथ बने रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर बल दिया। कहा–आने वाली पीढ़ियां हमारा मूल्यांकन हमारी जल संरक्षण नीति के आधार पर करेंगी।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया में सबसे अधिक एक सौ बारह दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

——————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज संयुक्त रूप से पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान सह नेत्र अस्पताल का उद्घाटन किया। साथ ही श्री नड्डा ने आठ सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। आईजीआईएमएस परिसर में निर्मित नेत्र संस्थान पूर्वी भारत का सबसे बड़ा नेत्र अस्पताल है, जहाँ ट्रॉमा और इमरजेंसी नेत्र सेवाएं भी उपलब्ध हैं। इसका निर्माण लगभग एक सौ 88 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि आईजीआईएमएस में दो हजार पाँच से दो हजार चौबीस के बीच अभूतभूर्व बदलाव हुआ है।

———बाईट———

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पाँच हजार चार सौ बासठ बेड की क्षमता वाले दुनिया के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इस अस्पताल के बन जाने के बाद बिहार के लोगों को इलाज के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

---बाईट---

श्री नड्डा ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार के आने के बाद सर्वांगीण स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में विश्व की सबसे बड़ी यूनिवर्सल हेल्थ सर्विस आयुष्मान भारत की शुरूआत की गई है। लगभग तेरह करोड़ परिवार और देश की चौवालीस प्रतिशत आबादी को इस योजना का लाभ मिल रहा है। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। उनका प्रयास है कि लोगों को अपने राज्य में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके।

---बाईट---

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बाद में भागलपुर में दो सौ बेड वाले नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का भी उद्घाटन किया। वे कल दरभंगा तथा मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का उद्घाटन करेंगे। साथ ही श्री नड्डा कल ही पटना के पीएमसीएच का निरीक्षण करेंगे। केन्द्रीय मंत्री का दरभंगा के शोभन में प्रस्तावित एम्स के स्थल निरीक्षण का भी कार्यक्रम है।

---

आईजीआईएमएस स्थित क्षेत्रीय नेत्र संस्थान में कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। संस्थान के प्रमुख डॉक्टर विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि नए अस्पताल में प्रतिवर्ष तीन से पांच लाख लोगों का इलाज हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इसमें आँखों के जटिल रोगों का भी इलाज होगा।

---बाईट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर दोहराया है कि वे अब राजद के साथ नहीं जायेंगे। आज पटना में एक कार्यक्रम के दौरान श्री कुमार ने कहा कि उनसे दो बार गलती हो चुकी है और उन्हें इस बात का एहसास है। श्री कुमार ने कहा कि वे अब वे भाजपा के साथ ही बने रहेंगे।

———बाईट———

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जल संरक्षण सिर्फ एक नीति नहीं बल्कि सामाजिक प्रतिबद्धता का विषय है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जल संरक्षण पहल पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण के प्रयासों में आम लोगों की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां जब मूल्यांकन करेंगी तो पानी के प्रति हमारा दृष्टिकोण उनका पहला मापदंड होगा।

———बाईट———

जल संचय ये केवल एक पॉलिसी नहीं ये एक प्रयास भी है और यूं कहें तो ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है और उत्तरदायित्व भी है। आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आंकलन करेगी तो पानी के प्रति हमारा रवैया ये शायद उनका पहला पैरामीटर होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हमेशा से भारत की सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने टिकाऊ भविष्य की दिशा में जल जीवन मिशन और अटल भूजल योजना सहित सरकार की कई पहलों पर प्रकाश डाला।

———बाईट———

ग्राउंड वाटर के रिचार्ज के लिए हमने अटल भूजल योजना शुरू की। इसमें भी जल स्रोतों के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी गांव में समाज को ही दी गई है। 2021 में हमने कैच द रेन कैंपेन शुरू किया। आज शहरों से लेकर गांव तक कैच द रेन से लोग बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं।

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत की। उन्होंने शिक्षकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव के बारे में चर्चा की। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से बातचीत में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया। श्री मोदी ने शिक्षकों को विभिन्न भाषाओं में विद्यार्थियों को स्थानीय लोककथाएँ सुनाने का सुझाव दिया, जिससे विद्यार्थी कई भाषाएँ सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता जानने के लिए शैक्षिक पर्यटन पर ले जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक–दूसरे से जुड़ने का सुझाव दिया। पुरस्कार विजेता शिक्षकों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने शिक्षण अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री ने उनके साथ बातचीत में शिक्षण के प्रति समर्पण और वर्षों से प्रदर्शित उत्साह की प्रशंसा की। समाचार कक्ष से मैं कल्पना झा।

———————————————————————————

बिहार में जातीय गणना के बाद आरक्षण के बढ़े दायरे पर रोक लगाने के पटना हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ राजद द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर आज सुनवाई हुई। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़, न्यायामूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्र की पीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। साथ ही पीठ ने इस याचिका को अन्य समान याचिकाओं के साथ संलग्न करने का भी आदेश दिया।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया में सबसे अधिक एक सौ बारह दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, पटना के फुलवारीशरीफ में एक सौ छह दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

———बाईट———

———————————————————————————

हरतालिका तीज का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष तृतीया को यह पर्व मनाया जाता है। इस दौरान महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए उपवास तथा पूजा–अर्चना करती हैं। इधर, आज ही मिथिला में चौठ चंद्र का पर्व भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व में संध्या काल में महिलाएं रोहिणी सहित चन्द्रमा की पूजा–अर्चना करती हैं। विभिन्न प्रकार के पकवान और फलों को उत्सर्ग कर चन्द्रमा को अर्घ्य समर्पित किया जाता है।

———————————————————————————

मुंगेर भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष फंटूश कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी मुकेश मिश्र को गिरफ्तार कर लिया है। अनुमंडल पुलिस अधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि जमीन के कारोबार और पैसे के लेनदेन को लेकर हत्या को अंजाम दिया गया था।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत बदलपुरा में पुलिस ने दो अपराधी को दो देशी पिस्तौल और दस कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित आईजीआईएमएस में पूर्वी भारत के सबसे बड़े नेत्र अस्पताल का उद्घाटन किया ।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर कहा– वे अब राजद के साथ नहीं जायेंगे। भाजपा के साथ बने रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर बल दिया। कहा–आने वाली पीढ़ियां हमारा मूल्यांकन हमारी जल संरक्षण नीति के आधार पर करेंगी।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया में सबसे अधिक एक सौ बारह दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

———————————————————————————

समाप्त